भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1693
01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

विशाखापत्तनम में पीएम ई-बस सेवा योजना की स्थिति

1693 श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत विशाखापत्तनम के लिए स्वीकृत की गई इलेक्ट्रिक बसों और उनकी क्षमता सहित संचालन के लिए निर्दिष्ट विशिष्ट मार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विशाखापत्तनम में पीएम ई-बस सेवा योजना के लिए आवंटित और संवितरित की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विशाखापत्तनम में स्वीकृत इलेक्ट्रिक बसों के प्रचालन की वर्तमान स्थित क्या है और इनकी खरीद, अवसंरचना विकास तथा प्रचालनात्मक व्यय के लिए उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) विशाखापत्तनम में स्वीकृत विद्युत बसों को तैनात करने में पेश आ रही चुनौतियों अथवा विलंब का ब्यौरा क्या है और इस विलंब के क्या कारण हैं; और

(ङ) सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से भावी अनुमानों और रणनीतियों सहित विशाखापत्तनम में पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत अतिरिक्त बसों अथवा मार्गों के विस्तार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ङ): विशाखापत्तनम पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत 100 ई-बसों को काम में लगाने के लिए केंद्रीय सहायता के लिए पात्र है। इस योजना के तहत, पात्र शहरों से अपेक्षा की जाती हैं कि वे बसों की मांग के लिए औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत करें। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने अभी तक बस योजना के तहत भागीदारी के लिए कोई औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

*****